एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में पुराछात्रा का विशेष व्याख्यान

एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में क्वींसलैण्ड विश्वविद्यालय, बिस्बन, ऑस्ट्रेलिया के "स्कूल आफ हिस्टोरिकल एण्ड फिलॉसफिकल इन्क्वायरी" में अध्यापन कर रही पुराछात्रा समीमा जेहरा ने "**व्यक्तित्व और सामाजिक विकास में दर्शनशास्त्र कितना उपयोगी**" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को छात्राओं से साझा करते हुए जरुरतमन्द छात्राओं के उपयोग के लिए विभागीय बुक बैंक के संचालन की इच्छा व्यक्त की तथा इसके लिए 50 पुस्तकें डोनेट किया। इस अवसर पर आदर्श जीवन को प्रेरित करने वाली लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। डा0 मंजरी शुक्ला तथा डा0 श्रद्धा राय ने समीमा जेहरा को स्मृति चिहन प्रदान करके सम्मानित किया। डा0 अल्पना अग्रवाल ने पुराछात्रा को शुभकामनायें प्रदान किया। डा0 मंजरी शुक्ला ने व्याख्यान सत्र को सम्बोधित किया।